तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि


# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



8 ग्रीन केयर सोसायटी का नवाचार


8 बाल दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन




## खबर संक्षेप

### शराब बिक्री के दो मामलों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना और सांकरा पुलिस ने शराब बिक्री के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद जगदीशपुर रोड खेमड़ा तालाब के पास ग्राम खेमड़ा में आरोपी धर्मेंद्र पटेल पिता उत्तर कुमार पटेलनिवासी कुरमाझर जिला बलौदाबाजार और सुनील यादव पिता संतराम यादव निवासी कुरमाझर थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार के संयुक्त कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 7000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम उतेकेल शनिदेव चौक के पास रोड किनारे ठेले में छापा मारा। मौके पर आरोपी सुदाम यादव पिता हराधन यादव (40 साल) उतेकेल के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।



### हॉस्टल में छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मचेवा के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है। जानकारी के मुताबिक, छात्रा ने अपने कमरे की छत पर बने हुए हुक पर दुपट्टे से फांसी लगा ली। छात्रावास जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मचेवा में स्थित है। 19 वर्षीय छात्रा चांदनी महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। चांदनी 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में रहती थी। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पिता की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। बता दें कि तीन महीने पहले छात्रा छात्रावास में रहने आई थी। ज्यादातर बीमार और बाकी छात्राओं से दूर ही रहती थी। छात्रा करीब डेढ़ महीने बाद 7 नवंबर को अपने घर पटेवा से छात्रावास लौटी थी। इसके बाद 9 नवंबर को फिर घर चली गई थी। फिर 11 नवंबर को लौटी थी। छात्रावास अधीक्षिका चित्रलेखा खांडे ने बताया कि बुधवार दोपहर वो खाना खाने घर चली गई थीं। इसी बीच छात्रावास से फोन आया। छात्राओं ने बताया कि कोई घटना हो गई है। मौके पर पहुंची तो चांदनी हुक से लटकी हुई थी।

## धान खरीदी : कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया

# फूल माला पहनाकर तो कहीं तौल बाट की पूजा कर शुरु हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कहीं किसानों का फूल माला पहना कर स्वागत हुआ तो कहीं इलेक्ट्रॉनिक कांटा और तराजू बाट की पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी की शुरुआत जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में हुई। हालांकि, 20 केंद्रों में किसानों का ने टोकन नही लिया इसलिए किसान धान लेकर नही पहुंचे। लेकिन, अन्य जगहों पर 1 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी लक्ष्य को लेकर पहले दी शुरुआत हुई।

जिले के कुल उपार्जन केंद्र 182 में से पहले दिन 162 उपार्जन केंद्रों में 2 हजार 151 किसानों से एक लाख 945 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिले में सहकारी समितियों में बनाए गए खरीदी एवं उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं और सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। जिले में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर से शुरु हुई। धान के समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने आए ग्राम मुनगासेर के किसान भारत पटेल ने दीपावली पर एक नया ट्रैक्टर खरीदा है। उन्होंने बताया कि फसल का अच्छा समर्थन मूल्य मिलने से उन्होंने ट्रैक्टर खरीदने का साहस किया। उनका मानना है कि इस ट्रैक्टर से खेती के काम में अधिक सहूलियत होगी, और किश्तें भी आराम से भरी जा सकेंगी। ग्राम फिरगी के निवासी गंगाराम रैदास 100 कट्टा धान बेचने के लिए मुनगासेर मंडी पहुंचे। गंगाराम ने बताया कि खेती के लिए उन्होंने ट्रैक्टर खरीदा था और इसके लिए ऋण भी लिया था, जिसकी किश्तें समय पर भरनी हैं। मंडी में धान की उचित कीमत मिलने पर उन्हें ट्रैक्टर की किश्त भरने में आसानी होगी। सरकार द्वारा बेहतर समर्थन मूल्य मिलने से ट्रैक्टर की लागत भी जल्दी से जल्दी ही निकल जाएगी। ग्राम मुनगासेर के किसान छन्नू लाल साहू बहुत खुश हैं, उन्होंने बताया कि धान की उचित मूल्य मिलने से आमदनी में इजाफा होगा।



### इस बार भी पूरा होगा लक्ष्य: यादव

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि जिले में इस वर्ष शासन द्वारा कुल पंजीकृत किसान 1 लाख 62 हजार 33 है। उन्होंने बताया कि जिले में 130 समिति के माध्यम से 182 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। इस खरीफ विपणन वर्ष 2024-2025 में जिले में 227994 हेक्टेयर रकबा अंतर्गत 12,45,963 में टन अनुमानित धान उपार्जन का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

### पहले दिन कलेक्टर पहुंचे निरीक्षण में

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राथमिक कृषि एवं साख समिति गांजर और मुनगासेर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाए गए धान की मात्रा, धान का उत्पादन, धान का समर्थन मूल्य इत्यादि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मॉइश्चर मीटर से धान की नमी भी जांच की। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीमएओ एवं नोडल अधिकारी मौजूद थे।

### अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, ट्रक जब्त कर मंडी के सुपुर्द

सरायपाली अनुविभागीय अधिकारी नम्रता चौबे के निर्देशन में सरायपाली क्षेत्र में अवैध धान परिवहन पर सख्ती बरतते हुए प्रशासन ने बिना दस्तावेजों के धान ले जा रहे एक ट्रक को जब्त कर मंडी के सुपुर्द कर दिया। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक ट्रक बिना वैध दस्तावेजों के धान का परिवहन कर रहा है। तत्पश्चात, जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को रोका और दस्तावेज मांगे, परंतु चालक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। इस मामले में प्रशासन द्वारा ट्रक को जब्त कर मंडी में सुरक्षित रखा गया। प्रशासन का कहना है कि अवैध परिवहन पर सख्ती जारी रहेगी, और जांच में दोषी पाए जाने वालों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# 20 उपार्जन केंद्रों में शुरू नहीं हो पाई धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पहले दिन

### पहले दिन 2148 किसानों का टोकन कटा, धान बेचने पहुंचे किसान

उपार्जन केंद्रों में पिछले आठ दिनों तक सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल का असर साफ दिखा। उपार्जन केंद्रों आधी अधूरी तैयारी के साथ आज जिले के 182 में से 162 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू हुई।

बता दें कि शासन के निर्देशानुसार आज से जिले की 130 समितियों के माध्यम से 182 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होनी थी। जिसके लिए बुधवार तक 1 लाख 873 क्विंटल धान खरीदी के लिए टोकन काटे जा चुके थे। इन टोकनों पर आज 2 हजार 148 किसान पहले दिन धान बेचने पहुंचे हैं। मुख्यालय से लगे झालखम्हरिया में आज 18 किसानों का टोकन कटा था जहां मोटा और पतला धान मिलाकर कुल 2500 कट्टा धान बेचने किसान पहुंचे थे। इसी तरह पिटियाझर उपार्जन केंद्र में कुल 23 टोकन कटा, जिसमें 2700 कट्टा धान आया था। पिटियाझर में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा नेता व पार्षद पवन पटेल व रमेश सिन्हा ने खरीदी प्रारंभ की। बिरकोनी सोसाइटी में 9 किसानों का टोकन व कांपा सोसाइटी में 7 किसानों का टोकन कटा था। जानकारी के अनुसार सभी उपार्जन केंद्रों में नए व पीडीएस के बारदाने पर्याप्त मात्रा में पहुंचे थे।

### साढ़े 6 हजार से अधिक नए किसान

जिले में इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 6613 नए किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं 1 लाख 55 हजार 441 पुराने किसान हैं जिनका पंजीयन कैरी फारवर्ड किया गया है। इस तरह जिले के कुल 1 लाख 62 हजार 53 किसानों से धान खरीदी की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले को 124 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। वहीं पिछले वर्ष कुल 112 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई जो दिए गए लक्ष्य से अधिक था।

### नए खरीदी केंद्र नहीं

जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि आज से जिले की 130 समितियों के माध्यम 182 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी शुरू होनी थी, पर 20 उपार्जन केंद्र अंतर्गत आने वाले गांव के किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन नहीं कटाया, जिससे जिले के 162 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो पाई। इस बार जिले में चार नए धान खरीदी केंद्र नांदगांव, कौंदकेरा, गोड़बहाल और पतेरापाली के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था,पर उसकी मंजूरी नहीं मिली है।

# बैंक खाते से चौबीस हजार की फर्जी निकासी, खाताधारक ने बैंक अधिकारियों पर लगाया मिलीभगत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा के ग्राम बिहाझर निवासी भुनेश्वरी साहू ने अपने बैंक खाते से हुई चौबीस हजार रुपए की संदिग्ध निकासी के मामले में पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। खाताधारक का दावा है कि बिना उनकी जानकारी, सहमति और हस्ताक्षर के फर्जी तरीके से बैंक खाते से इस राशि की निकासी की गईं, जिसके बाद एक महिला और पुरुष की संदिग्ध संलिप्तता का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए खाताधारक ने बैंक कर्मचारियों पर भी मिलीभगत का शक जताया है।

भुनेश्वरी साहू के अनुसार 30 अक्टूबर 2024 को उनके बैंक ऑफ बड़ौदा की बागबाहरा शाखा के खाते से चौबीस हजार रुपए की राशि बिना उनकी जानकारी और सहमति के निकाल ली गई। इस निकासी के ठीक तीन दिन बाद 2 नवंबर 2024 को यह राशि अचानक फिर से खाते में जमा कर दी गई। इस बात का पता खाताधारक को तब चला जब उन्होंने 6 नवंबर 2024 को अपनी पासबुक की एंट्री करवाई। खाताधारक ने जब बैंक से संपर्क किया, तो शाखा प्रबंधक ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए बताया कि एक महिला और पुरुष ने मिलकर राशि आहरित करने की कोशिश की थी। बैंक अधिकारियों के अनुसार जब शक के आधार पर उनसे पूछताछ की गई, तो दोनों संदिग्ध व्यक्ति रुपए छोड़, निकासी की पर्ची लेकर फरार हो गए। प्रबंधक का कहना है कि चूंकि राशि वापस जमा हो गई थी,

### आहरित राशि तीन दिन बाद खाताधारक के खाते में जमा कर बैंक अधिकारी आरोपियों को बचाने में जुटे

इसलिए उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराना उचित नहीं समझा। भुनेश्वरी साहू का कहना है कि इस घटना से कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने पूछा कि यदि राशि आहरित ही नहीं हुई थी, तो बैंक ने आहरण की एंट्री क्यों की। बैंक ने बिना आहरण पर्ची के किस आधार पर यह राशि निकाली और तीन दिन बाद बिना जमा पर्ची के राशि कैसे और किसके द्वारा खाते में वापस आई। इन सभी सवालों ने बैंक कर्मचारियों की भूमिका को संदेहास्पद बना दिया है। पीड़िता का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण में बैंक अधिकारियों की संलिप्तता हो सकती है। उन्होंने इसे अधिकारियों की मिलीभगत से किया गया एक संगठित वित्तीय फर्जीवाड़ा बताया और पुलिस से संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने इसे एक गंभीर आपराधिक कृत्य बताया, जिसमें धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाना, और जालसाजी जैसे अपराध शामिल हैं। भुनेश्वरी ने बागबाहरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का निवेदन किया है। उन्होंने पुलिस से घटना की पूरी जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। लेकिन, बागबाहरा पुलिस का कहना है कि यह पूरा मामला पुलिस हस्तक्षेप के योग्य नहीं है।

जानकारों का कहना है कि यह मामला न केवल एक व्यक्ति की संपत्ति के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और बैंक प्रबंधन इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और कैसे ऐसे फर्जीवाड़ों पर लगाम लगाई जाती है।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर स्वच्छता दीदियां आज से हड़ताल पर



**महासमुंद।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर स्वच्छता दीदियां, पुरूष आज तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी। पटवारी कार्यालय के सामने स्वच्छता दीदियां महिला/पुरूष महासंघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आज जिलेभर में चार सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल प्रारंभ हुई। जिले के सभी ब्लॉकों में स्वच्छता दीदियां धरना-प्रदर्शन कर रही हैं। जिलाध्यक्ष कुमारी वैदेही ने बताया कि पिछले कई वर्षों से शहर में घर-घर जाकर हम कचरा कलेक्शन करती हैं आज के महंगाई के समय परिवार चलाना मुश्किल हो गया है इसलिए हमें कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए, पीएफ राशि की कटौती की जाए, सप्ताह में एक दिन अवकाश देने के साथ ही रिक्शा गाड़ी की मरम्मत शासन द्वारा कराई जाए। उन्होंने बताया कि पिछले 8 सालों से उक्त मांगों को लेकर क्रमबद्ध आंदोलन किया जा रहा है बावजूद हमारी मांगों पर सरकार विचार नहीं कर रही है, जिसे लेकर आज से तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की हैं।

**00महासमुंद।** ग्राम आंवलाचक्का में एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। सरायपाली पुलिस ने बताया कि गणेश राम रात्रे के साथ 12 नवंबर की रात करीबन 7-8 बजे रितु लाल रात्रे एवं प्रेमसाय ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।



### धान का अवैध भंडारण, एक हजार कट्टा जब्त

**महासमुंद।** ग्राम मोंहदा के एक घर और दुकान से प्रशासन ने 1000 कट्टा अवैध धान जब्त किया है। पिथौरा अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह के निर्देशन में गुरुवार को पिथौरा के ग्राम मोहंदा मे दुकान और घर अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए धान के 1000 कट्टे को मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया गया। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि टिकेश्वर पिता मेघराज के दुकान और घर में बिना पर्याप्त दस्तावेज के धान का भंडारण किया गया है। इसके बाद राजस्व की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी उक्त धान को लेकर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। इस कार्रवाई मे अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह, तहसीलदार नितिन, फूड इंस्पेक्टर, मंडी कर्मचारी, पटवारी मौजूद थे।

## सीएमओ एसएलआरएम सेंटर पहुंचे, नागरिकों से की स्वच्छता बनाए रखने की अपील

# नगर पालिका शहर में चला रही विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए महासमुंद पालिका प्रशासन द्वारा शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय ने नगर पालिका द्वारा संचालित तुमाडबरी, दलदली, खरोरा एसएलआरएम सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण कर डोर टू डोर कचरा संग्रहण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अमले के साथ उप अभियंता अमन चंद्राकर, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर एवं स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श मौजूद थे। एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथिन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन किया जा रहा है। इसी तरह गीले कचरो का पृथकीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर में खाद बनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि पालिका प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटरों में संपूर्ण पालिका क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग किया जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद जैविक खाद बनाया जाता है। इसी प्रकार लोहा, टिन, प्लास्टिक, कांच, लकड़ी व कपड़े के सूखे कचरे का पृथक किए जाने के बाद रिसायकल की प्रक्रिया के लिए भेजा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर की महिलाए डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य के लिए गई हुई थी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कचरा सेग्रीकेशन कार्य की पूरी जानकारी, कर्मचारियों की संख्या और उनकी उपस्थिति तथा कार्य का निरीक्षण किया। बाद सार्वजनिक स्थलों वार्ड की साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा। लोगो से फीडबैक लिया कहा झाडू और नाली सफाई हो रही है और वार्डों की नालियों की साफ-सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्रों में बेहतर सफाई के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई दरोगा एवं वार्ड सुपरवाईजर को वार्डों एवं सड़कों में साफ-सफाई को और बेहतर किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्थाओं को और भी बेहतर करें साथ ही डस्टबिन लगाते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का भी प्रयोग किसी को नहीं करने दे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि दुकान के बाहर सफाई व्यवस्था बनाए रखे।




## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## बिरकोनी कन्या शाला में हुआ न्योता भोज

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में बाल दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्राओं को खीर और पुड़ी परोसा गया। छात्राओं ने अपने अपने कक्षा में एक ही समय में समूह में बैठकर न्योता भोज का आनंद लिया। इसके पूर्व आंवला के वृक्ष और गाय को भोग लगाकर भोज प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू, व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, परस राम सिन्हा, अनुपमा मानिकपुरी, सन्त राम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, श्रवण कुमार सिन्हा, मनीषा तिर्की, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेन्द्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, जान्हवी पटेल, दुलारी आदि मौजूद रहे।

## शांत्रीबाई कला महाविद्यालय में मनाया गया आंवला नवमी पर्व


**महासमुंद।** शांत्री बाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में बीएड,बीए, बीएससी, पीजीडीसीए के विद्यार्थियों द्वारा आंवला नवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा आंवला नवमी पर्व के उपलक्ष्य में आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर उसे रक्षासूत्र में बांधकर पर्यावरण सरंक्षण करने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि कार्तिक शुक्ल नवमी पर आंवले पेड़ की पूजा का महत्व बताया।

# ग्रीन केयर सोसायटी का नवाचार

## स्मृति में मुक्तिधाम के लिए परिवारजनों को बेल भेंट किए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूकोना

- अभ्युदय संस्थान के प्रणेता स्व राजन महाराज की तेरहवीं में विप्रजनों को फलदार छायादार पौधा वितरण



अभ्युदय संस्थान अछोटी के संस्थापक धार्मिक आध्यात्मिक संत स्व राजन महाराज के देवलोक गमन पश्चात उत्तर क्रिया की कड़ी में आयोजित तेरहवीं श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा उनके गृह ग्राम मोहदी (नारधा ) में आयोजित कार्यक्रम में उनकी स्मृति में पौधारोपण के लिए पौधे भेंट किए। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं स्व महाराज के शिष्य पंडित भागीरथी दुबे ने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि गुरुदेव का जन्म धमधा नगरी में पिता विष्णुप्रसाद शुक्ला, माता हेमा देवी के घर आंगन में हुआ। राजकुमार नामकरण हुआ। घर में राजन के नाम से बुलाते थे। राजन यानी प्रकाश देने वाला। यही राजन नाम आगे चलकर देश-विदेश में विख्यात हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा धमधा में, हाईस्कूल सेंट पाल रायपुर, महाविद्यालयीन शिक्षा छत्तीसगढ़ कॉलेज, स्नातकोत्तर शिक्षा साइंस कॉलेज से हुई। विज्ञान, आध्यात्म एवं ज्योतिष में गहरी अभिरुचि थी। स्वामी विवेकानंद, आचार्य रजनीश, राम शर्मा आचार्य की किताबों का अध्ययन किया। शासकीय सर्विस छोड़कर मां काली के आशीर्वाद एवं आदेशानुसार समाज एवं लोक कल्याण हेतु मद देवी भागवत एवं मद भागवत द्वारा ज्ञान दान प्रारंभ किया। कालांतर में जीवन विद्या के प्रणेता ए नागराज के परम सानिध्य में अछोटी में जीवन विद्या संस्थान प्रारंभ किया। सह अस्तित्ववादी एवं मध्यमदर्शन के सूत्रधार के रूप में अनेक पुस्तकों का लेखन किया। इसी क्रम में बालक भगवान के दर्शन हुए। विदेश यात्रा के क्रम में आपने फ्रांस, इंग्लैंड, सिंगापुर, जॉर्डन, स्पेन सीरिया लंदन की यात्रा कर वहां जीवन विद्या शिविरों का संचालन किया। आर्ट ऑफ लिविंग रविशंकर महाराज से उनकी मुलाकात हुई। उनके बेंगलुरु आश्रम में श्रीमद देवी भागवत का आयोजन हुआ। सरलता, तरलता, मृदुषा, सहजता, निश्वर्थ प्रेम , परोपकार आपकी विशिष्ट पहचान बनी। समाज कल्याण एवं परोपकार की यात्रा के बीच ही रायपुर में उन्होंने अंतिम सांसें लीं । दिव्य पुरुष का देवलोक गमन हुआ। गुरुदेव ने अपने जीवनकाल में धर्म,आध्यात्म एवं ज्ञान के माध्यम से देश ही नहीं विदेशों में भी लोगों को लाभान्वित किया। जीवन जीने की श्रेष्ठ कला, सत्संग, सदमार्ग का रास्ता दिखाया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें प्रेरित किया। उन्हीं के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर उनकी तेरहवीं पर उनकी स्मृति में दो बेल पौधों का रोपण कर रहे हैं। बेल पौधों का रोपण मुक्तिधाम मार्ग में अथवा मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार में रोपित किए जाएंगे। बेल वृक्ष के बारे में शास्त्रों में उल्लेख है कि जब शव यात्रा बेल वृक्ष की छाया से होकर गुजरती है तो मृतक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। डॉ पाणिग्राही ने कहा कि इस तरह गुरुजी ने अपने जीवनकाल में हमें सदमार्ग तो दिखाया साथ ही उनकी स्मृति में रोपित बेल का पौधा वृक्ष बनकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करेगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस कार्यक्रम में एक नवाचार का जन्म हुआ। शास्त्रोक्त विधि विधान, परंपरा एवं संस्कार अनुक्रम में तेरहवीं कार्यक्रम हुआ। श्रद्धांजलि एवं आशीर्वाद प्रदान करने आए 13 ब्राम्हणों को भी एक, एक पौधा स्मृति भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। विप्रजनों को भेंट किया। ये पौधे गुरुजी की स्मृति में लोगों को फल तथा छाया देंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे एवं प्रेरित करेंगे। नागपुर, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, राजानंदगांव सहित देश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के इस सोच एवं नवाचार की प्रशंसा की। पंडित भागीरथी दुबे, मंदाकिनी दुबे, कृष्णा महाराज, पंडित लक्ष्मीकांत शास्त्री, पंडित भावेश तिवारी का सक्रिय सहयोग रहा।

## जिला स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन आज

**महासमुंद।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार राज्य के जमुई से वर्चुअली जुड़कर संबोधित करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि होंगी। उक्त कार्यक्रम का जिला स्तर पर एक दिवसीय आयोजन सुबह 10:30 बजे से जिला पंचायत महासमुंद में किया जाएगा। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त आदिवासी शिल्पा साय ने बताया कि कार्यक्रम स्थल में विभागवार विभागीय गतिविधि के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, मोबाईल मेडिकल यूनिट, आयुष्मान कार्ड वितरण, वन विभाग वनोपज से संबंधित वस्तुओं का स्टॉल, कृषि विभाग द्वारा पीएम-किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा हेल्प कार्ड आदि से संबंधित गतिविधि एवं किट प्रदाय, किया जाएगा। आवास योजना-हितग्राहियों को नवनिर्मित आवास गृह सौंपा जाना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास वन अधिकार मान्यता पत्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्व-सहायता समूह और शिक्षा विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# भजन कीर्तन, ढोल मंजीरों के साथ रोज निकाली जा रही है प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली



सिख समाज के आराध्य देव गुरुनानक देवजी का 555 वां जन्म दिवस 16 नवंबर को है, जिसे प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज द्वारा धूमधाम से यह प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए गुरुसिंघ सभा व महिला मंडल द्वारा प्रतिदिन सुबह 4 बजे से एक वाहन को आकर्षक रूप से सजावट कर गुरुग्रंथ साहिब के सानिध्य में भजन कीर्तन व ढोल के साथ प्रभात फेरी मुख्य मार्ग के साथ ही विभिन्न मोहल्लों में निकाली जाती है। इस प्रभात फेरी में महिलाएं, युवक, युवतियां व बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल होकर भजन कीर्तन के माध्यम से गुरुनानक देवजी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाते हैं। साथ ही इस प्रभात फेरी में शामिल सभी सदस्यों का नगरवासियों द्वारा स्वागत कर स्वल्पाहार कराया जाता है।

इस संबंध में सिक्ख समाज के अध्यक्ष रंजीत सिंह आहूजा ने बताया कि गुरुनानक देव की के जन्मदिवस को प्रकाश पर्व के रूप में समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारों को रंगरोगन व आकर्षक लाइटो से सजाया जाता है। अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी गुरुसिंघ सभा द्वारा गुरुद्वारा में 13 नवंबर से अखंड साहिब पाठ प्रारंभ किया गया है, जो 15 नवंबर को समाप्त होगा। अन्य कार्यक्रमों के तहत 16 को ही दोपहर 11 बजे भजन कीर्तन के पश्चात दोपहर 1 बजे से अटूट लंगर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रम गुरुद्वारा में आयोजित किया जाएगा। इस लंगर में सभी समाज के लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी दिन शाम 4 बजे पंचप्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिबजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें गीत संगीत, ढोल, डीजे गतका पार्टी के साथ ही आतिशबाजियों भव्य कार्यक्रम रखा गया है।

## स्टीफन मॉडर्न स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**बसना।** जगदीशपुर सेंड स्टीफन मॉडर्न स्कूल में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के मौके



पर बाल दिवस मनाया गया। जहां बसना के विभिन्न स्कूल के बच्चों के लिए रंगोली, चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों में डॉ एनके अग्रवाल, धर्मशिला विवेक दास, शीत गुप्ता, बिजय दास प्रिंसिपल ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया, तो शिक्षकों ने बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिनमें स्वयं नृत्य एवं गायन कर बच्चों को खुश किया। वही स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों के पढ़ाई के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया जाता हैं, इसी लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, आज बच्चों के प्रतिभा को बढ़ाने के लिए रंगोली, चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों को आगे प्रेषित करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो से अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## बेमचा स्कूल में बाल दिवस पर आनंद मेला का आयोजन

**महासमुंद।** बाल दिवस पर शाउमावि बेमचा में आनंद मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन लखनु निर्मलकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं राहुल चंद्राकर सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, एसएल पाटकर प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने किया। आनंद मेला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने व्यंजन स्टाल लगाए, इसमें चौसेला, अनारसा, सोहारी, छोले, पुड़ी, बोबरा, पानीपुरी, गरम मिर्ची भजिया, भजिया, चांवल भजिया, मोमोस, भेल, ब्रेड पकोड़ा, फरा, समोसा, चाय आदि व्यंजन बनाकर सस्ते दर पर परोसे। अतिथियों ने आनंद मेला का आनंद लेते हुए व्यंजन का स्वाद लिया। सभी स्टॉल को स्वेच्छा से सहयोग राशि भेंट किए। इस अवसर पर एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, योगेश्वरी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन



**महासमुंद।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस द्वारा आचार्य और सिंह के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी मधुमती चंद्राकर के नेतृत्व में बाल दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में ज्योति किरण चंद्राकर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त डोली चंद्राकर, द्वितीय स्थान ईश्वरी को प्रदान किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रभारी नोबल ध्रुव द्वारा प्रथम स्थान मोनिका ठाकुर, द्वितीय स्थान दीपा साहू को पुरस्कृत किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में निर्णायक तपस्या शर्मा द्वारा टीम दुर्गा और टीम भगवती में टीम दुर्ग विजय रही। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को डॉ ज्योति किरण चंद्राकर द्वारा पुरस्कृत किया गया। नोबेल ध्रुव द्वारा चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आत्मसम्मान से जीवन जीने की कला को बताया गया। आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का संचालन प्रभारी मधुमति चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में जीआर साहू, अनिता साहू, तुलसीराम साहू, वीके मन्नाडे का सहयोग रहा।

Health Town


K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
47 years of trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | PHILIPS REXTON Hearing Aids Available
9659 455 455
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




BHASIN MOTORS
• KESAR AUTO PARTS
• KESAR TRUCKS
• KESAR EARTH SOLUTIONS
• B.S LOGISTICS
• B.S BHASIN & SONS
• BHASIN AUTOMOBILES
• RAVINDRA AUTO DISTRIBUTORS PVT. LTD.
RAVINDRA AUTOMOTIVE PVT. LTD.

# सावित्रीपुर स्कूल में बाल दिवस पर न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा



बाल दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोज का आयोजन रखा गया। यह न्योता भोज स्वर्गीय गुणसागर बारीक (ग्राम गोटिया) की स्मृति में उनके सुपुत्र जयप्रकाश बारीक द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता रहा है। जयप्रकाश बारिक ने कक्षा पहली से बारहवीं तक सभी बच्चों, समस्त विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों को भोज के लिए आमंत्रित किया।

विदित हो कि स्वर्गीय गुणसागर बारीक की पुण्यतिथि 14 नवंबर है। इस अवसर पर मिडिल स्कूल हेडमास्टर एसएल पटेल एवं प्राइमरी स्कूल हेडमास्टर महेंद्र टांडी ने बताया कि न्योता भोज का उद्देश्य समुदाय की बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि व सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने कहा कि न्योता भोज कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय, स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान और अन्य लोग दान कर बच्चों के पोषण में योगदान कर सकते हैं। शिक्षक जलक्षत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से स्वैच्छिक है और कोई भी व्यक्ति या संगठन अपनी इच्छा अनुसार और अपनी क्षमता अनुसार भोजन दान कर सकता है। व्याख्याता बीडी साहू एवं सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन का न्योता भोज कार्यक्रम प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शुरू किया गया एक अनूठा कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करना है। प्रवीण साहू और भारती ने बताया कि न्योता भोज की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहार, अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है। शिक्षक ध्रुव ने कहा कि न्योता भोज समुदाय को शाला से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण योजना है। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने बताया कि हम दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें स्कूल की प्रार्थना सभा या एनुअल फंक्शन में सम्मानित करते हैं तथा न्योता भोजन के दिन दानदाता को स्कूल में आमंत्रित कर इसकी घोषणा भी करते हैं। संस्था प्राचार्य पी सिदार ने न्योता भोज के सफल आयोजन के लिए जयप्रकाश बारीक का आभार जताया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में बाल दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

## बाल दिवस पर अतिथि के रूप में छात्र संघ के पदाधिकारी थे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में बाल दिवस पर प्राचार्य अमी रूफस के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में शाला के छात्र संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। छात्र संघ के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि के रूप में छात्र संघ के रूबिना बानो, शैलेंद्र चंद्राकर, नोबेल साहू, निधि साहू, पूरब निषाद, भूमिका टंडन, वेदांत सिदार मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर ध्रुति श्रीवास्तव द्वारा बच्चों के लिए गीत प्रस्तुत किया गया। हायर सेक्शन के शिक्षकों की ओर से बच्चों के लिए शानदार डांस प्रस्तुत किया गया। जिसमें आकांक्षा भोई, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, तृशा शर्मा, राधिका शर्मा, अंशुमाला बारिक, अंजली कहार, पूर्णिमा चंद्राकर शामिल थे। इसी प्रकार प्राथमिक एवं मिडिल सेक्टशन से शिक्षकों द्वारा स्त्री 2 के किरदार पर डांस प्रस्तुत किया गया। जिसमें कृति थवाईत, नेहा दुबे, कल्याणी सोनकर, दिव्येश वाणी, रूपा पांडेय, रंजीत सिंह रूपराह, हीरालाल जोशी, हेमलाल चक्रधारी, मनीषा कन्नौजे, प्रकाश साहू शामिल थे। फैंशी ड्रेस प्रतियोगिता में हायर सेक्शन से प्रथम स्थान पर रोहिणी निषाद कुमकुम बर्मा पारो और चंद्रमुखी की भूमिका में, द्वितीय मीनाक्षी साहू इंदिरा गांधी की भूमिका में, तृतीय चंचल साहू पंजाबी छारी की भूमिका में थे। मिडिल सेक्शन से फैंशी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम रिया चंद्राकर दक्षिण भारतीय की भूमिका में, द्वितीय प्रियांशी साहू द्वितीय पर गुजराती गर्ल्स की भूमिका में, तृतीय जिज्ञासा मरीठी की भूमिका में थी। प्राथमिक विभाग से फैशी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम खुशी महानंद दक्षिण भारतीय और डिंपल चंद्राकर क्रिकेटर की भूमिका में, द्वितीय प्रकृति चंद्राकर मराठी की भूमिका में, सहान स्पाइडर मेंन की भूमिका में, तृतीय विनय भोसल भगतसिंह, जीनल जेम्स जान सेव वाटर की भूमिका में थे। जलेबी दोड़ प्रतियोगिता में प्रथम काव्या भारती, योशांस साहू, द्वितीय देवांशी चंद्राकर और नमन ढीढी थे। बोरा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गेश चंद्राकर, रीतिका सिदार, द्वितीय दिपांशु चंद्राकर और अलीशा साहू थे। रिले रेस बालक में प्रथम शिवनाथ सदन, द्वितीय अरपा सदन, तृतीय महानदी सदन इसी प्रकार रिले रेस बालिका में प्रथम शिवनाथ सदन, द्वितीय महानदी सदन, तृतीय इंद्रावती सदन रहे। म्यूजिकल कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम विद्या साहू, द्वितीय आयुषी यादव रहे। प्राचार्य अमी रूफस के द्वारा उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन डा. शशबीर कौर संधु एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक जीआर टांडेकर, प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरम्मा, मितेश शर्मा, विकास यादव आदि उपस्थित थे।



## खरोरा स्कूल में मनाया बाल दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया गया। शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणी सारथी, दीपा, वर्षा सारथी ने कहा कि हर साल 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई जाती है। जवाहरलाल नेहरू, जिन्हें चाचा नेहरू के नाम से भी जाना जाता है, बच्चों से बहुत प्यार करते थे और उनके साथ समय बिताना पसंद करते थे। बच्चों और उनकी मासूमियत का सम्मान करने के लिए बाल दिवस पर स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## नांदगांव में बाल दिवस पर लगा आनंद मेला



**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में बाल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन आलू चाप, भजिया, नमकीन पोहा, पुलाव, गुपचुप, भेल, ब्रेड पकोड़ा का स्टॉल लगाया गया। इस आयोजन में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित ग्रामीणों ने मेले का आनंद उठाया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शिक्षक लक्ष्मी साहू, अजय बंजारे, पोखनलाल चंद्राकर, कमलेश कुमार पटेल, सदस्य दीनू पटेल, रामकृष्ण पटेल, साधना कुमारी, सानिया पटेल, अन्नू पटेल, पूनाराम पटेल आदि शामिल थे।

## स्कूल में विधिक जागरुकता का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्हार पारा महासमुंद में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद से मजिस्ट्रेट दामोदर चंद्रा ने समस्त छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं को कानून सम्बन्धित जानकारी प्रदान किया गया। इसमें गुड टच, बेड टच, बाल श्रम, यातायात, चोरी, डकैती, मारपीट, लुट पाट, छेड़खानी, जैसे अपराधों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक शिवकुमारी जायसवाल, शिक्षक गोविन्द प्रसाद साहू, ज्योति साहू, धनेश्वरी सिन्हा, बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक सहित विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



## खरोरा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


ग्राम खरोरा स्कूल में बाल दिवस पर सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता कौशल, पंच मनोज चंद्राकर, संजय साहू, आशा परमार, दुर्गा चंद्राकर, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक गोस्वामी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका चंद्राकर, मोना चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## आम सूचना

**वाके मौजा-चोरभट्ठी, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. महासमुंद तहसील महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 300, 302, 333, 456, 466, 473, 479, 529, 531, 534, 541, 542, 544, 546, 548, 604, 615, 626, 628, 633, 634, 639, 642, 647, 655, 659, 671, 683, 684, 686, 689, 694, 731, 792, 796, 801 कुल खसरा 36 कुल रकबा 4.47 हेक्टेयर अर्थात 10 एकड़ भूमि के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता **श्रीमती पुर्णिमा चन्द्राकर पति स्व. श्री बलदाऊ चन्द्राकर,** निवासी-बागबहरा जिला महासमुंद (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि जो कि वाके मौजा चोरभट्ठी, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं.- महासमुंद तहसील महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 300, 302, 333, 456, 466, 473, 479, 529, 531, 534, 541, 542, 544, 546, 548, 604, 615, 626, 628, 633, 634, 639, 642, 647, 655, 659, 671, 683, 684, 686, 689, 694, 731, 792, 796, 801 कुल खसरा 36 कुल रकबा 4.47 हेक्टेयर अर्थात 10 एकड़ भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा। सो सूचना जानें।

अजय मिश्रा
(अधिवक्ता) गणपत चौक, हीरापुर,
रायपुर (छ.ग.) पता Mob.: 88899 90034, 95756-98096, 9424201400






## नर्रा में धान खरीदी का शुभारंभ



**नर्रा।** प्राथमिक साख सहकारी समिति पं क्र. 1061 उपार्जन केंद्र नर्रा में 14 नवंबर गुरुवार को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। पहली बार इलेक्ट्रानिक कांटे से तौल होगा। अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन कर खरीदी की शुरुआत की गई। पहले दिन धान विक्रय करने आए किसानों को गेंदें फूल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान किसान नेता कलाराम नायक, मुकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, माधो सेन नवीन पटेल, पुनऊराम, गोपाल, किशन पटेल, लुभेश्वर पांडे, नाथुराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतन लाल साहू, विजय साहू, दुलेश साहू, मिलाप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# जलकी और अचानकपुर में धान खरीदी की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसानों को साफ-सुथरा और सुखाकर धान लाने किया प्रेरित

सहकारी समिति जलकी एवं धान उपार्जन केंद्र अचानकपुर में शासन की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी का शुभांरभ त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अतिथियों द्वारा किसानों को साफ सुथरा धान लाने, नमी पर ध्यान देने प्रेरित किया। इस अवसर पर रमेश कुमार चौधरी



सरपंच जलकी, ऋषि कुमार चौधरी सरपंच प्रतिनिधि, कुमार पटेल पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति जलकी, राधेश्याम ध्रुव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिनिधि, होरीलाल पटेल, लोमन सेन, उमेश गोल्डी साहू, नरसिंह चौधरी, रामचरण पटेल, मनोहर चौधरी, अर्जुन पटेल, जयप्रकाश पटेल, नारायण ध्रुव, नाथुराम ध्रुव, दशरथ यादव, लीलाधर ध्रुव, शेखर पटेल, बाबूलाल पटेल, मुकेश यादव, ऑपरेटर अजय चंद्राकर, साधराम पटेल, धान खरीदी प्रभारी बाबूलाल चौधरी, समिति प्रबंधक तोषराम चौधरी के साथ जलकी अचानकपुर, बांसकुडा, फुसेराडीह खडुऊपार के किसान उपस्थित रहे।

## परसुली सोसायटी में तौल कांटा की हुई पूजा



**नर्रा।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कृषक सेवा सहकारी समिति पंक्र 862 परसूली में खरीदी का शुभांरभ अतिथियों ने इलेक्ट्रानिक कांटा का पूजन अर्चन कर किया गया। इस दौरान परसुली सरपंच मोतिन आनंद चक्रधारी, चिंतामणि चंद्राकर, लता कुम्हार, मीना तीरथ, नैंदराम पांडे, राजेश पटेल, तेजलाल साहू, गणेश्वर यादव, कोमल ठाकुर, नीलकंठ पटेल, खिलेश्वर पटेल, डालेश्वर चक्रधारी, हुमन पांडे आदि मौजूद रहे।

# अन्नदाताओं के धान का एक-एक दाना खरीदना हमारा लक्ष्य:योगेश्वर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पिटियाझर उपार्जन केंद्र में विधायक ने की धान की खरीदी की शुरुआत

गुरुवार को खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी की शुरुआत हुई। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पिटियाझर धान खरीदी केंद्र में पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। साथ ही अपनी उपज बेचने आए किसान भाइयों से मुलाकात व चर्चा कर मंडी में धान बेचने के लिए की गई व्यवस्था का भी जायजा लिया। धान बेचने आए किसान के उपज को मशीन में तौल कर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने खरीदी की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 14 नवंबर को प्रदेश के अन्नदाता



किसानों के सम्मान में 'धान तिहार' के रूप में मना रही है। प्रदेश के अन्नदाताओं को उनकी मेहनत का पूरा मान मिलेगा। हमारी सरकार ने जो वादा किया था प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी व 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों को भुगतान वह पूरा किया जाएगा। धान खरीदी के मद्देनजर हमारी सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए पूरी तैयारियां की है। अन्नदाताओं के धान का एक-एक दाना खरीदना हमारा लक्ष्य है, इस बार पूरे प्रदेश में 27 लाख से अधिक किसानों का धान हमारी सरकार खरीदेगी और भुगतान भी 72 घंटे के अंदर सुनिश्चित करेंगे। किसानों को धान खरीदी के लिए अधिक दूरी तय न करना पड़े, इसका भी हमने विशेष ख्याल रखा है। उपार्जन केंद्रों के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीदी की व्यवस्था की गई है। अन्नदाता हमारे छत्तीसगढ़ की आत्मा हैं, उनकी मेंहनत को पूरा दाम और सम्मान मिले, इसके लिए हमारी सरकार तत्पर है। हमने किसानों से उनके पूरी उपज को खरीदने, खरीदी में पूरी पारदर्शिता बरतने और तय समय सीमा में भुगतान करने पर विशेष ध्यान दिया है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, पवन पटेल सहित मंडी के स्टाफ व किसान उपस्थित थें।

# लहंगर केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लहंगर में समर्थन मूल्य पर खरीदी का शुभारंभ हेमकुमार निषाद ग्राम लहंगर के किसान का धान को तौल कर किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि प्रीतम पटेल पूर्व अध्यक्ष, अध्यक्षता राधेलाल सिन्हा पूर्व अध्यक्ष, विशेष अतिथि रमाकांत ध्रुव सभापति जनपद पंचायत, गौतम राम ध्रुव, हंस कुमार ध्रुव,मनराखन ठाकुर, दौवा राम ध्रुव, अवध राम ध्रुव, रेख लाल चंद्राकर,चुनू लाल यादव, रुपसिंह नेताम, अन्य कृषकगण तथा लहंगर, मोहकम, पीढ़ी, परसाडीह, गुडरुडीह के पंजीकृत किसान उपस्थित थे।

फड प्रभारी केआर साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर कुश कुमार पटेल एवं संस्था के कर्मचारी तथा हेमालों की उपस्थिति में आमंत्रित अतिथियों ने धान एवं कांटा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर इलेक्ट्रॉनिक कांटा से एक बोरी धान तौल कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर फड़ प्रभारी साहू ने किसानों से निवेदन करते हुए साफ सुथरा धान लाने एवं अपने गांव की पारी में टोकन काटने की सलाह दिया। उक्त जानकारी राधेलाल सिन्हा ने दी है।

धान खरीदी...



**नर्रा।** कृषक सेवा सहकारी समिति कोमाखान में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ



**नर्रा।** कछारडीही केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ।

## जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक 21 को

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक आगामी 21 नवंबर 2024 को आयोजित होगी। बैठक सांसद, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटती, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
14 नवंबर 2024
22 दिसंबर 2024
20 जनवरी 2025
23 फरवरी 2025
27 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



### मुनगासेर उपार्जन केंद्र में हुई धान खरीदी की शुरुआत

**नर्रा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मुनगासेर उपार्जन केंद्र में गुरुवार को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हुई। इस अवसर पर इलेक्ट्रानिक कांटा की पूजा अर्चन कर की गई। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर चंद्राकर, ब्रह्मदत्त पटेल, छन्नू लाल साहू, प्रकाश पटेल, पुरन लाल साहू, हरि चंद्राकर, शरद पटेल, विश्वनाथ साहू, संतोष पटेल, गऊ राम साहू, हरीश कुमार भोई, समिति प्रबंधक यशवंत चंद्राकर, जनक चक्रधारी, योगेश चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, रविंद्र ठाकुर सहित सोसायटी के कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।



### तेंदूकोना में धान खरीदी का शुभारंभ

**तेंदूकोना।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सम्हर एवं तेंदुकोना में धान खरीदी का शुभारंभ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, चिंताराम साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, मानसिंह दीवान, सदाराम साहू, हरिनारायण दीक्षित, रवि फिरोदिया, कौशल साहू, समिति के पदाधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित थे।



### बेलटुकरी में धान खरीदी का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम बेलटुकरी स्थित उपार्जन केंद्र में किसानों को स्वागत किया गया और धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच सोनसाय निर्मलकर, ग्राम पटेल दुर्गा प्रसाद, पोषण निर्मलकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, कीर्ति बघेल ढेलू निषाद, प्रभारी आशीष निर्मलकर संतराम साहू, पूर्व सरपंच याद राम साहू आदि मौजूद रहे।

## लंबर धान उपार्जन केंद्र में पहले ही दिन 18 सौ क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सहकारी समिति धान उपार्जन केंद्र लंबर में पहले ही दिन 37 किसानों का टोकन कटा था। जिसमें 1800 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। सबसे पहले धान उपार्जन केंद्र में मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर विधि विधान के साथ नारियल फोड़ कर पूजा अर्चना कर धान खरीदी की गई। जिसमें समिति प्रबंधक तुलाराम चौहान द्वारा किसानों का धान को तौल कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर किसानों के साथ साथ समिति सदस्य भी मौजूद थे धान खरीदी के लिए समिति द्वारा चाक चौबंद इंतजाम किया गया है। ताकि, किसानों को किसी भी तरह से कोई परेशानी का सामना करना न पड़े। धान बेचने आए किसान काफी खुश नजर आ रहे थे। किसानों की सुविधा के लिए समिति द्वारा टोकन गारम वार किया गया है जिससे किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।



## सहयोग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मान

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बिरकोनी में सरपंच द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन यादव, अंजनी साहू, लीला साहू, चित्ररेखा निशात कल्याणी यादव और सहायिकाओं टुम्मन विश्वकर्मा, नीलम उपाध्याय, नंदनी ध्रुवंशी, सुनीता निषाद, चंद्रकांता निषाद का सम्मान श्रीफल और साड़ी देकर किया गया। ग्राम पंचायत बिरकोनी में 5 आंगनवाड़ी केंद्र है। जिसमे 5 कार्यकर्ता और 5 सहायिका कार्यरत है, जो कई पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से अपने विभागीय कार्य करने के साथ साथ अन्य विभागों का भी सहयोग करती है। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास से बिरकोनी सेक्टर पर्यवेक्षक अपर्णा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
सफलता की सीढ़ी चढ़ना चाहते है...
महासमुंद शहर
वेतन - 12000 (बारह हजार)
स्वयं का वाहन - 12वीं से स्नातक
9098324969
आवेदन करने की अंतिम तिथि - 14.11.2024 से 17.11.2024 तक
समय - शाम 6 बजे तक आवेदन करें।